# आल्प्स में तेज़ी से पघिल रहे ग्लेशियिर

एक नए अध्ययन से पता चला है कि वर्ष 2022 में स्वटि्ज़रलैंड के ग्लेशयिरों ने **औसतन 6.2% बर्फ खो दी।**

## प्रमुख बदुि

- **सहारन रेत और हीटवेव:**
  - संपूर्ण आल्प्स में पछिली सर्दयिों में बहुत कम हमिपात हुआ था जसिकी वजह से आगामी गर्मी के मौसम में ग्लेशयिर के प्रभावति होने की संभावना है।
  - वसंत वशिेष रूप से चरम था, प्राकृतकि वायुमंडलीय पवन सहारन रेत को यूरोप तक ले गई और अल्पाइन में जमा कर दयिा।
  - चूँकि बर्फ की तुलना में धूल अधकि सौर ऊर्जा को अवशोषति करती है, इसलयिे अब नारंगी रंग की बर्फ तेज़ी से पघिल रही है।
  - गर्मी की लहर ने पूरे यूरोप में तापमान का रकिॉर्ड तोड़ दयिा, ब्रटिेन के कुछ हसि्सों में पहली बार तापमान 40 डग्रिी सेल्सयिस तक पहुँच गया।
  - वर्ष 2003 में हमिनद अत्यधकि तेज़ी से पघिले थे, इस दौरान पूरे स्वटि्ज़रलैंड में 3.8% ग्लेशयिर पघिल गए थे।
- **अभूतपूर्व आल्प्स ग्लेशयिर का पघिलना:**
  - ग्लेशयिर के पघिलने की सीमा उस ऊँचाई पर नर्भिर करती है जसि पर यह स्थति है, ग्लेशयिर का ढाल जतिनी तीव्र होगी वह उतना ही अधकि मलबे से ढका होता है।
  - स्वटि्ज़रलैंड में इन हमिनदों के पघिले जल का उपयोग जल वद्युित के लयिे कयिा जाता है।
    - ऑस्ट्रयिाई ग्लेशयिर भी वर्ष 2022 में 70 वर्षों की तुलना में अधकि पघिल गए है, इसलयिे यह स्पष्ट है कि वर्ष 2022 में हमिनद का पघिलना व्यापक रहा है।
  - इसका एक परणिाम यह है कि ग्लेशयिरों के पघिलने से सूखे की अवधि में कम वर्षा की स्थति में जल की कमी की पूर्ति करने के साथ ही देश की ऊर्जा आपूर्ति में भी मदद मलिती है।
  - पघिलते ग्लेशयिरों के कारण **पहाड़ों में 1,000 से अधकि नई झीलें नर्मिति हुई हैं।**
  - इस साल पहली बार **पर्माफ्रॉस्ट** जो चट्टानों को एक साथ बाँधे रखती है पघिल रही है और लगातार चट्टानों का अपरदन हो रहा है।

## आल्प्स:

- **वषिय:**
  - आल्प्स पर्वत **अल्पाइन ऑरोजेनी (पर्वत-नर्मािण घटना) के दौरान उभरा, यह घटना लगभग 65 मलियिन वर्ष पहले शुरू हुई थी जो मेसोज़ोइक युग (Mesozoic Era)** के पास आने के दौरान घटति हुई।
  - आल्प्स **ऊबड़-खाबड़ और ऊँची शंक्वाकार चोटयिों से नर्मिति** एक वलति पर्वत शृंखला है।
  - **यह पश्चमिी यूरोप के भौगोलकि क्षेत्रों में सबसे प्रमुख है।** जो लगभग 750 मील लंबी और 125 मील से अधकि चौड़ी है जसिकी सबसे ज़्यादा चौड़ाई जर्मनी के गार्मशि-पार्टेनकर्चिेन क्षेत्र तथा वेरोना, इटली के मध्य है, आल्प्स पर्वत शृंखला 80000 वर्ग मील से अधकि के क्षेत्र को कवर करती है।
  - **आल्प्स पर्वत शृंखला पूरब, उत्तर-पूर्व में वएिना, ऑस्ट्रयिा की ओर मुड़ने से पहले उत्तर में नीस** , फ्राँस के पास उपोष्णकटबिंधीय भूमध्यसागरीय तट से जनिेवा झील तक फैली हुई है जहाँ यह **डेन्यूब नदी** (Danube River) को छूते हुए उससे लगे मैदानी भागों में मलि जाती है।
  - अपने चापाकार आकार के कारण आल्प्स यूरोप के पश्चमिी समुद्री तट की जलवायु को फ्राँस, इटली और **बाल्कन क्षेत्र** (Balkan Region) के भूमध्यसागरीय क्षेत्रों से अलग करता है।
- **संबंधति देश:**
  - आल्प्स **फ्राँस, इटली, स्वटि्ज़रलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रयिा, स्लोवेनयिा, क्रोएशयिा, बोस्नयिा और हर्जेगोवनिा, मोंटेनेग्रो, सर्बयिा तथा अल्बानयिा** का हसि्सा है।
  - केवल **स्वटि्ज़रलैंड तथा ऑस्ट्रयिा को ही 'ट्रू अल्पाइन' देश** माना जा सकता है।
- **महत्त्वपूर्ण चोटयिाँ:**
  - 'मोंट ब्लांक' (Mont Blanc) आल्प्स और यूरोप की सबसे ऊँची चोटी है जो समुद्र तल से 4,804 मीटर की ऊँचाई पर स्थति है। यह ग्रेयन आल्प्स में फ्राँस, स्वटि्ज़रलैंड और इटली में स्थति है।
  - मोंटे रोज़ा (Monte Rosa) एक 'मैसफि' (पहाड़ों का एक संयुक्त समूह) है, जसिमें कई चोटयिाँ हैं। इस श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी

डुफोरस्पत्ज़ि (Dufourspitze) की ऊँचाई 4,634 मीटर है, जसिके स्वट्ज़िरलैंड की सबसे ऊँची चोटी होने का दावा कयिा जाता है।.

- डोम जो मोंटे रोजा के पास स्थति है, 4,545 मीटर की ऊँचाई पर स्थति है और इसे अपने सीधे मार्गों के कारण आल्प्स में 'सुगम' ऊँची चोटयिों में से एक के रूप में जाना जाता है।
- अन्य प्रमुख चोटयिाँ लस्किम, वीशोर्न, मैटरहॉर्न, डेंट ब्लैंच, ग्रैंड कॉम्बनि आदहिैं।




## UPSC सवििलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न.** हमिालय के ग्लेशयिरों के पघिलने का भारत के जल संसाधनों पर दूरगामी प्रभाव कैसे होगा? **(2020)**

**स्रोत: डाउन टू अर्थ**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/glaciers-in-the-alps-are-melting-faster-than-ever